Std-II (Hindi Lit.)

सूर्य

शब्दार्थ

प्रकाश -- रोशनी

शक्ति -- ताकत

ज़रूरी -- आवश्यक

धरती -- पृथ्वी

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:-

Q.1. पौधा क्यों सूख गया?

उत्तर:- सूर्य की किरणें पौधे तक नहीं पहुँचने के कारण, पौधा सूख गया।

Q.2. चारों ओर अँधेरा कब छा जाएगा?

उत्तर :- जब सूर्य की रोशनी नहीं होगी तब चारों ओर अँधेरा छा जाएगा।

Q.3. सूरज हमारे लिए क्यों ज़रूरी है?

उत्तर:- सूरज से हमें प्रकाश तथा शक्ति मिलती है, सूर्य के प्रकाश पर ही सभी प्राणियों तथा पेड़-पौधों का जीवन निर्भर है। इसके बिना धरती पर जीवन असम्भव है। इसलिए सूरज हमारे लिए ज़रूरी है।

Q.4. सूर्य से हमें क्या मिलता है?

उत्तर:- सूर्य से हमें प्रकाश, गर्मी तथा शक्ति मिलती है । सूर्य की रोशनी से हमें विटामिन डी भी मिलता है।

Q.5. चिड़िया ठंड से क्यों काँप रही थी?

उत्तर:- चिड़िया को सूर्य की रोशनी तथा गर्मी नहीं मिल रही थी इसलिए वह ठंड से काँप रही थी।

Q.6. यदि सूरज न निकले तो क्या होगा?

उत्तर:- यदि सूरज न निकले तो धरती अंधकार में डूब जाएगी। पेड़-पौधे नष्ट हो जाएँगे और धरती से सभी प्राणियों का जीवन समाप्त हो जाएगा।

Q.7. विलोम शब्द लिखें:-

सूखा - गीला

मरना - जीना

ठंडा - गर्म

इधर - उधर

प्रकाश - अंधकार

बंद - खुला

गर्मी - सर्दी

धरती - आकाश